दिनांक–29.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- ग्वालियर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मिले आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव, 35 हजार से अधिक रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।
- केंद्र सरकार ने राज्यों के साथ की डाक्टरों की सुरक्षा की समीक्षा।
- राष्ट्रीय खेल दिवस आज, भोपाल के तात्याटोपे स्टेडियम में होगा मुख्य कार्यक्रम।
- प्रदेश में अगले 2 दिन तक तेज बारिश होने की सम्भावना नहीं, बारिश के साथ होगी सितंबर की शुरुआत।

राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उद्योगपतियों से कल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में कहा कि मध्यप्रदेश अपार संभावनाओं का क्षेत्र है। यहाँ उद्योगों के लिए सभी तरह की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रदेश में आयुर्वेद को बढ़ाने के लिए भी योजना लाने वाले हैं । अभी तक प्रदेश में 5 इंस्टिट्यूट ऐसे है जो कि शासकीय हैं। हमारा संकल्प है कि इनकी संख्या 13 तक पहुँच जाये। राउंड टेबल कांफ्रेंस में चर्चा हुई कि ईएसडीएम इंडस्ट्रीज़ को बढ़ावा दिया जाये एवं प्रदेश को इंटीग्रेटेड सर्किट, मैन्यूफ़ैक्चरिंग एवं सेमीकंडक्टर में आत्मनिर्भर बनाया जाये।

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

ग्वालियर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्रदेश को आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे 35 हजार से अधिक रोजगार के नवीन अवसर प्राप्त होंगे। ग्वालियर में अडानी समूह तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर 1 हजार 586 करोड़ रुपये की लागत से प्रदेश में 47 नई औद्योगिक इकाइयों का सिंगल क्लिक से भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मंच पर पांच औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन पत्र भी प्रदान किए गए। इसके साथ ग्वालियर–चंबल जिले के 8 जिला स्तरीय इंडस्ट्री फेसिलिटेशन सेंटर का शुभारंभ किया गया। ये केन्द्र ग्वालियर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, शिवपुरी, दतिया, गुना और अशोकनगर में आज से ही प्रांरभ हो गए हैं। कॉन्क्लेव में मेक्सिको, जाम्बिया के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने ग्वालियर–चम्बल क्षेत्र में 4 नये औद्योगिक पार्क खोले जाने की घोषणा की।

डॉक्टर सुरक्षा

गृह सचिव गोविंद मोहन और स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने आज डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के लिए उठाए गए तत्काल कदमों पर राज्य के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ एक बैठक की सह–अध्यक्षता की। गृह सचिव ने अधिकारियों से कम रोशनी वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, स्वास्थ्य कर्मियों के लिए 112 हेल्पलाइन के साथ एकीकरण, बड़े अस्पतालों तक आसानी से पहुंच, अस्पतालों में भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत संशोधित स्थिति को साझा करने को सुनिश्चित करने को कहा। स्वास्थ्य सचिवों ने राज्यों को तत्काल सुरक्षा बढ़ाने और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करने पर जोर दिया।

सेबी चेतावनी

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड–सेबी ने निवेशकों को स्टॉक एक्सचेंज के एस एम ई खंड में सूचीबद्ध कुछ लघु और मध्यम उद्यमों में निवेश करने के लिए आगाह किया है। एक परामर्श में सेबी ने कहा कि कुछ एस एम ई कंपनियां सूचीबद्ध होने के बाद सार्वजनिक घोषणाओं के माध्यम से अपने परिचालन की अवास्तविक तस्वीर पेश करती हैं। सेबी ने निवेशकों को सोशल मीडिया पोस्ट पर भरोसा न करने या सुझावों और अफवाहों के आधार पर निवेश नहीं करने की सलाह दी है।

## मौसम

प्रदेश में अगले 2 दिन तक तेज बारिश होने की सम्भावना नहीं है, लेकिन सितंबर माह की शुरुआत तेज बारिश के साथ होगी। मौसम विभाग के अनुसार आज से बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इसके चलते लो प्रेशर एरिया भी सक्रिय हो जाएगा। इसका प्रभाव 2 दिन बाद देखने को मिलेगा। 3 से 4 सितंबर तक प्रदेश में तेज बारिश होने का अनुमान है। प्रदेश में अब तक 33 दशमलव 6 इंच बारिश हो चुकी है। यह सीजन की 90 फीसदी है। इंदौर जिले में 25 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है। यह गत वर्ष से कम है।

## एफएम चैनल

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने निजी एफएम रेडियो चरण–3 नीति के अंतर्गत 234 नए शहरों में 730 चैनलों के ई–नीलामी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इनमें प्रदेश के 20 शहर भी शामिल हैं। यहाँ 61 एफएम चैनल शुरू होंगे। सागर में 4 एफएम चैनलों को मंजूरी मिली है, जबकि शेष 19 शहरों में तीन–तीन चैनल मंजूर किये गए हैं। नए शहरों और कस्बों में निजी एफएम रेडियो की शुरुआत से यहाँ एफएम रेडियो की अधूरी मांग पूरी होगी और वे मातृभाषा में नए और स्थानीय कंटेंट पेश कर सकेंगे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस

आज राष्ट्रीय खेल दिवस है। यह दिन हॉकी के जादूगर पद्म विभूषण मेजर ध्यानचंद के जन्म–दिवस पर मनाया जाता है। इस अवसर पर भोपाल के तात्याटोपे स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैशाल सारंग मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चें, खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर 26 से 31 अगस्त तक प्रदेश के समस्त जिलों में खेल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय खेल दिवस के पूर्व कल एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के मशाल परिसर में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

## पैरालिंपिक खेल

पैरालंपिक खेलों का कल फ्रांस की राजधानी पेरिस में शानदार आगाज हुआ। फ्रांस के राष्ट्रपति इम्मानुएल मैक्रों ने पेरिस में एक रंगारंग समारोह के दौरान खेलों की शुरूआत की घोषणा की। एक सौ 67 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल चार हजार चार सौ पैरालिंपिक खिलाडियों ने मार्च किया। भारतीय दल का नेतृत्व तोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाडी सुमित अंतिल और विश्व रिकॉर्ड धारक टेबिल टेनिस खिलाडी भाग्यश्री जाधव ने किया। खेलों के इस संस्करण में कुल 84 भारतीय पैरा–एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे। पैरालिंपिक खेलों के इतिहास में भारत के खिलाडियों का यह अबतक का सबसे बडा दल है। भारत कुल 22 खेलों में से 12 खेलों में स्पर्धा करेगा।

समाचार संक्षेप में .....

- झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री पद और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। चंपई सोरेन कल भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं।
- रीवा जिला मुख्यालय में आज से तीन दिवसीय निःशुल्क सुपर स्पेशलिटी मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे।
- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर के प्रोफेसर नीलाभ तिवारी को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा दिया जाएगा।
- खरगोन में कलेक्टर ने जिले के नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की संयुक्त बैठक में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सेप्टिक टैंक के मल कीचड़ प्रबंधन के संबंध में दिशा–निर्देश दिए।
- राजगढ़ जिले में आईटीआई गोविंदपुरा के दो शिक्षकों प्रशांत दीक्षित एवं प्रेमलता राहंगडाले को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिये चयनित किया गया है।
- खण्डवा जिले में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् जनसमुदाय में जागरुकता प्रसारित करने के उद्देश्य से 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक सघन अभियान चलाया जा रहा है।

- डिंडोरी में कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।
- श्योपुर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवास निर्माण कार्यो का जायजा लिया गया।
- इंदौर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 83 में रिक्त पार्षद पद के उप चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 7 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किये। निर्वाचन के लिये मतदान 11 सितम्बर बुधवार को होगा।
- मुरैना में सेंट आरसेटी द्वारा संचालित ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक, युवतियों के लिए 30 दिवसीय निःशुल्क कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग एवं टैली प्रशिक्षण का समापन कल हुआ ।
- निवाड़ी में कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों की सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई।
- पन्ना जिले में अटल भू जल योजना के अंतर्गत कृषि में जल उपयोग दक्षता बढ़ाने के संबंध में आज स्थानीय टाउन हॉल में कार्यशाला आयोजित की जाएगी।
- पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इन्दौर में सीडब्ल्यूएसटी, बीएसएफ और डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट इन्वेस्टिगेशन के अधिकारियों के लिए एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

……………………………